संख्याः827 /264/रा0यो0आ0/2018/टी0सी0

प्रेषक,

मुख्य सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1. **समस्त अपर मुख्य सचिव/**
   प्रमुख सचिव, सचिव/अपर सचिव,
   उत्तराखण्ड शासन।
2. **समस्त परियोजना निदेशक,**
   वाह्य सहायतित परियोजना,
   उत्तराखण्ड।

राज्य योजना आयोग **देहरादूनः दिनांकः 09 जून, 2022**

विषयः- वाह्य सहायतित परियोजनाओं (EAP) के प्रभावी अनुश्रवण हेतु विकसित EAP Dashboard के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उत्तराखण्ड राज्य मे विभिन्न वाह्य- एजेंसियो(External Agencies)यथा विश्व बैंक, एशियन बैंक, जायका (JICA) आदि के द्वारा विभिन्न परियोजनाओं को वित्त पोषित किया जाता है ।

विश्व बैंक सहायतित यू0के0पी0एफ0एम0एस0 परियोजना के अन्तर्गत राज्य योजना आयोग, नियोजन-विभाग के तत्वावधन में सी0पी0पी0जी0जी0 एवं राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (NIC) के तकनीकी सहयोग से वाह्य सहायतित परियोजनाओं के Online अनुश्रवण हेतु EAP Dashboard विकसित किया गया है, जिसको तत्काल प्रभाव से क्रियाशील बनाये जाने हेतु निम्न गाइडलाइन्स अनुपालनार्थ निर्गत की जाती हैः-

1. समस्त विभाग/यूनिट जिसके अन्तर्गत कोई भी वाह्य सहायतित परियोजनाऐं संचालित है अथवा संचालित किया जाना प्रस्तावित है, वे Dashboard में निर्धारित सूचनाओं का अंकन करेंगें एवं समय -समय पर इसे अद्यावधिक (Update) करते रहेंगे।
2. उच्च स्तर पर की जाने वाली मानीटरिंग इसी Dashboard के आधार पर ही यथावश्यक समय-समय पर की जायेगी।
3. सभी प्रशासनिक विभाग तत्काल नोडल अधिकारी नामित करते हुए राज्य योजना आयोग, उत्तराखण्ड शासन को सूचित करेगे।
4. Dashboard में प्रविष्टिओं के अंकन हेतु सम्बन्धित विभागों को आयोग User-Id आवंटित करेगा, जिसका प्रयोग करते हुए वे अपेक्षित सूचनाओं का अंकन Dashboard में करेंगें ।

5. EAP Dashboard के रख रखाव हेतु राज्य योजना आयोग, उत्तराखण्ड शासन नोडल विभाग होगा।
6. राज्य योजना आयोग, उत्तराखण्ड शासन द्वारा सभी सम्बन्धित विभागों के नोडल अधिकारियों को उक्त Dashboard सम्बन्धी प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

भवदीय,

(डा0 एस0एस0 सन्धु)
मुख्य सचिव ।

पत्रांक संख्याः826/264/रा0यो0आ0/2018 टी0सी0 तद्दिनांक।
प्रतिलिपिः-

1. प्रमुख निजी सचिव, मुख्य सचिव, को मुख्य सचिव महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. समस्त विभागाध्यक्ष, उत्तराखण्ड को सूचनार्थ।
3. एस0आई0ओ0, सूचना विज्ञान केन्द्र, उत्तराखण्ड राज्य एक्क, देहरादून।
4. अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सी0पी0पी0जी0जी, नियोजन विभाग, उत्तराखण्ड।

आज्ञा से,

(डा0 रंजीत कुमार सिन्हा)
सचिव ।